# जनपद अध्यक्ष के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिरा औंधे मुंह

## विधायक विक्रम सिंह ने रामपुर बाघेलान के बाहर होते हुए भी किया खेल, विरोधी चारों खाने चित्त

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 7 अगस्त, जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान के अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू के खिलाफ लाया गया अविश्वास आज औंधे मुंह गिर गया। विरोधी इतने भी सदस्य नहीं जुटा सके की बैठक का कोरम पूरा हो जाय।**

दरअसल बात यह है की रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत के अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू के खिलाफ कुछ सदस्य अविश्वास प्रस्ताव लाकर अध्यक्ष पद से हटाना चाहते थे लेकिन उनक प्रयास पूरी तरह से नाकाम हो गए । जनपद पंचायत अध्यक्ष रावेंद्र सिंह छोटू विधायक विक्रम सिंह के समर्थक होने के चलते विधायक विक्रम सिंह ने मोर्चे को अपने हाथों में ले लिया विधायक विक्रम सिंह अपने सूझबूझ के साथ-साथ विरोधियों को अपना ताकत दिखाकर सभी को चारों खाने चित कर दिया है यह विक्की भैया की खासियत है कि जिस काम में लगते हैं उसको पूरा करने के बाद ही दम लेते है ।

आपको विदित है कि इसके पहले जनपद पंचायत अमरपाटन के अध्यक्ष के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था



जिसमें विधायक ने एक तरफा फेल कर दिया था विधायक विधानसभा का मानसून सत्र चलने के कारण भोपाल में हैं लेकिन भोपाल में रहकर भी रामपुर बाघेलान जनपद पंचायत में आए अविश्वास प्रस्ताव की हवा निकाल दिया । इससे उनकी राजनीतिक बूझ बूझ और दमखम का पता चलता है। इससे उनकी राजनीतिक साख बढ़ेगी।

भाजपा के रामपुर बाघेलान जनपद अध्यक्ष के अविश्वास के लिए विपक्षी दलों के जनपद सदस्यों ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 28 के तहत् अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था जिसकी प्रक्रिया के लिए पीठासीन अधिकारी एसडीएम रघुराजनगर राहुल सिराडिया ने 7अगस्त 25 को प्रात: 11 बजे बैठक बुलाया था। बैठक में प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया भारी पुलिस बल की सुरक्षा के बीच आयोजित किया गया। प्रक्रिया में विपक्षी दलों के मात्र 11 जनपद सदस्य ही सभागार में पहुंचे। नियमानुसार सदस्यों का इंतजार किया गया लेकिन बैठक का कोरम पूरा नहीं होने के कारण अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया।

रामपुर बाघेलान जनपद अध्यक्ष रावेद्र सिंह छोटू 2022 अध्यक्ष निर्वाचित हुए हुए थे 3 वर्ष पूर्ण होते ही विपक्षी दल के जनपद सदस्य अविश्वास प्रस्ताव लाकर उन्हें हटाने का भरपूर प्रयास किया मगर रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह की सूझबूझ , पंचायत प्रतिनिधियों में पकड़ और दमखम के आगे विरोधी चारो खाने चित्त हो गए ।



# मंडल स्तर पर भाजपा निकालेगी तिरंगा यात्रा

## मंडल बैठक में आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा

नवभारत न्यूज

**मैहर 7 अगस्त, भारतीय जनता पार्टी अमदरा मंडल की महत्वपूर्ण बैठक ग्राम पाला में संपन्न हुई, बैठक आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।**

मंडल प्रभारी कांमता सोनी , मंडल अध्यक्ष सुजीत शिवहरे ने आगामी कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी कार्यक्रमों को समयबद्ध ढंग से करने के लिए कार्यकर्ताओं से आग्रह पूर्वक अपेक्षा की।

हमारा सौभाग्य है कि हम उस संगठन के कार्यकर्ता है जिसका नेतृत्व पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी , दीनदयाल उपाध्याय , अटल जी, कुशाभाऊ ठाकरे जैसा नेतृत्व प्राप्त हुआ, इनके आदर्श पथ पर चलते हुए आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की उत्तरोत्तर प्रगति में प्रयासरत हैं। हमारी सेनाओं के पराक्रम तथा सरकार की इच्छाशक्ति से ऑपरेशन सिन्दूर में दुश्मन को चारों खाने चित्त कर दिया। गर्व का विषय है कि हम तिरंगा उत्सव मनाने जा रहे हैं । अत: न सिर्फ अपने घरों को तिरंगे की शोभा में रंगेंगे वरन मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा के जरिए लोगों में देश प्रेम की भवना का और अधिक उत्साह से संचार करेंगे। मुख्य वक्ता, मंडल अध्यक्ष के साथ-साथ मंचासीन रहे अरविंद गर्ग , विष्णु अग्रवाल मंच संचालन विवेक तिवारी ने किया आभार व्यक्त मदन कोल ने किया। गरिमामय बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम की महिला प्रभारी श्रीमती संध्या पटेल , युवा प्रभारी सत्यम सोनी , रुक्मणी लाल यादव , जागेश्वर पटेल , रमेश प्रसाद परौहा , विष्णु अग्रवाल, सत्यम शुक्ला , गोलू परौहा , जितेंद्र शर्मा , जगबंधु शिवहरे , अमोल प्रजापति , आशीष शिवहरे , श्रीमती आशा सेन , सुल्तान बेग , अजीत दुबे , सुबोध तिवारी , सिपाही लाल चौधरी , नंदलाल केवट , विष्णु कुमार शर्मा के साथ-साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

# स्व . नीलकंठ अग्रवाल की स्मृति में नि :शुल्क नेत्र शिविर मैहर में 11 को

- मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भर्ती किए जाएंगे मरीज

नवभारत न्यूज

**मैहर 7 अगस्त, श्री सद्गुरु मित्र मंडल मैहर द्वारा रविवार 11 अगस्त सोमवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन समाजसेवी राजेश अग्रवाल के संयोजन में किया गया है।**

यह नेत्र शिविर घंटाघर के पास स्थित चंद्र नील अतिथिग्रह में प्रात: 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 1 बजे तक चलेगा। श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट नेत्र चिकित्सालय के सहयोग से आयोजित होने वाले शिविर में आए हुए मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें दवाइयां प्रदान की जाएगी एवं चश्मा के नंबर की जांच कर चश्में नि:शुल्क प्राप्त होंगें. संयोजक राजेश



अग्रवाल ने बताया कि जांच के दौरान जो मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित पाए जाएंगे उन्हें तत्काल भर्ती करके नि:शुल्क ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण हेतु बसों द्वारा सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट पहुंचाया जाएगा जहां पर उनका नि:शुल्क उपचार के साथ ही भोजन बिस्तर एवं दवाइयां की सुविधा प्राप्त होगी. नेत्र शिविर में आने वाले मरीजों की सुविधा हेतु उन्हें आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ रखना अनिवार्य है. नेत्र शिविर में भर्ती हुए मरीज को चंद्रनील अतिथिग्रह में भोजन भी कराया जाएगा एवं इलाज के उपरांत चित्रकूट से मैहर वापस पहुंचाया जाएगा।

# किरहाई पोखरी गांव में स्वास्थ्य कैंप लगाकर किया गया उपचार

नवभारत न्यूज

**बरौंधा 7 अगस्त, मौसम मे आ रहे लगातार बदलाव के कारण आदिवासी बाहुल्य गावों में जल जनित मौसमी बीमारियां सर्दी-जुखाम, बुखार, फोड़ा-फुंशी, पेट दर्द, खुजली त्वचा रोगों जैसे संक्रमण का प्रकोप ब? रहा है। जिनके रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से बीमारियों की पहचान कर स्वास्थ्य उपचार किया जा रहा है।**

इन शिविरों को लगवाए जाने की अहम भूमिका मझगवां के बीएमओ डॉक्टर रूपेश सोनी सहित बाल अधिकारों के मुद्दों पर पूरे भारत मे कार्य कर रही चाइल्ड राइट्स एंड यू (क्राई) संस्था, नई



दिल्ली का सराहनीय योगदान है। इन स्वास्थ्य शिविरों में अब तक आरबीएस की टीम एवं बीसीएम देवमुनि पटेल, बीपीएम एसएन बागरी सहित सेक्टर स्तर पर मौजूद स्वास्थ्य चिकित्सक निष्ठा एवं लगन के साथ इन स्वास्थ्य शिविरों मे रुचि दिखा रहे हैं। विगत सप्ताह से आयोजित हो रहे आदिवासी गांवों रामनगर खोखला, पड़ो, पुतरिहा में अब तक तकरीबन 150 लोगों को स्वास्थ्य उपचार मिल चुका है तो वहीं आज किरहाई पोखरी गांव के लोगों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे स्वास्थ्य चिकित्सक सीएचओ भारती पांडेय, सेक्टर सुपरवाइजर अजीत सिंह एवं एमपीडब्ल्यू भइयामन सिंह की अहम भूमिका रही। सीएचओ भारती पांडेय ने मरीजों का वजन, लम्बाई करवाते हुए बीमारी के लक्षण को पहचाना तो वहीं दूसरी ओर कब से यह बीमारी है और कहीं इसका इलाज करवाया है को भी मरीजों से नम्रतापूर्वक पूछकर 55 वयस्क लोगों सहित बच्चों का इलाज किया। दवा देने व दवा कैसे खाना है यह भी बताया। सीएचओ का यह व्यवहार देखकर मरीज काफी प्रभावित हुए और उन्होंने ऐसे कैम्पों को साल में कम से कम दो बार लगवाने की आवश्यकता महसूस किया। इस स्वास्थ्य शिविर मे मौजूद स्वास्थ्य अमले के साथ आशा सुपरवाइजर ललिता सिंगरौल, आशा कार्यकर्ता उमा गर्ग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूनम पयासी, सहायिका दुर्गा मवासी सहित क्राई संस्था नई दिल्ली के फैलो आनंद की सहभागिता रही।

# अव्यवस्था के साये में चल रहा सावन महोत्सव मेला

- अपने सामान की सुरक्षा खुद करे विजिटर, प्रदर्शनी मेला परिसर से छात्र की सायकल हुई पार ,वाहन पार्किंग की नहीं है कोई व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण के भी नहीं हैं कोई पुख्ता इंतजाम, ग्राहकों की जेब व वाहनों के साथ कभी भी हो सकती है गम्भीर वारदात

नवभारत न्यूज

**रामनगर 7 अगस्त, नगर परिषद रामनगर के वार्ड नम्बर - 2 स्थित पुलिस थाना कार्यालय रामनगर के पीछे विगत कई दिनों से संचालित सावन महोत्सव मेला बनाम प्रदर्शनी में जहां कई गुना मूल्य पर सामग्री की बिक्री होने की शिकायत भी मिल रही है.**

वहीं ग्राहकों व उनके वाहनों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है, कारण वाहन पार्किंग का स्थान



आरक्षित न होने से जहां मुख्य मार्ग की आवाजाही प्रभावित हो रही है और गेट के सामने ही वाहन खड़ा होने, पीछे साइड पर प्रकाश का भी कोई उचित प्रबंध न होने से कभी भी घटनाएं घट सकती है। गौरतलब है कि विगत 4 अगस्त 2025 को रामनगर निवासी छात्र मुजाहिद खान की नई रेंजर सायकल 5.30 शाम से 6.00बजे की बीच सावन महोत्सव मेला परिसर से गायब हो गई, जिसकी जिम्मेवारी,जबाबदारी लेने वाला कोई नहीं है, जिससे अब ग्राहकों को अपने जेब,पर्स,व वाहनों को बचाने की जिम्मेवारी खुद लेनी पड़ेगी, वहीं सम्बन्धित विभाग अपना-अपना शुल्क जमा करा कर एनओसी जारी कर अपने-अपने कर्तव्यों की इति श्री कर चुके हैं, वहीं अराजक व असामाजिक तत्वों के टाइम पास का बढ़िया इंतजाम है, अगर ऐसे में कोई गम्भीर वारदात घटित हो जाती है तो नगर बासियो को आश्चर्यचकित नही होना चाहिए।



# लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**मैहर 7 अगस्त,** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार प्रभारी प्रधान जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना के निर्देशन में सिविल न्यायालय मैहर में प्रथम जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मैहर की अध्यक्षता में लोक अदालत दिनांक 13/9/25 लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण के संबंध में बीमा कंपनी की अधिवक्ताओं से एवं क्लेम की अधिवक्ताओं से बैठक ली गई। आपसी सहमति में लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण हो इस संबंध में चर्चा की गई । इस अवसर पर चतुर्थ जिला न्यायाधीश मैहर शरद लटौरिया एवं सुश्री भानु पंडावर जेएमएफसी मैहर एवं श्रीमती निशा रघुवंशी जेएमएफसी मैहर उपस्थित थी । इस अवसर पर क्लेम के अधिवक्ता एवं बीमा कंपनी के अधिवक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

# विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियां जोरों पर

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी 7 अगस्त, गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन मझगांवा के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा आदिवासियों के संरक्षण, संवर्धन ,आर्थिक सामाजिक विकास , आदिवासियों की संस्कृति एवं परंपराओं को बचाने हेतु घोषित आदिवासी दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं।**

यूनियन के सदस्यों द्वारा विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम को गांव गांव एवं घरों घरों में जाकर जन जन तक पहुंचाया जा रहा है और अधिक से अधिक लोगों को सम्मिलित होने का आग्रह किया जा रहा ।



### इनका कहना है

**चमन सिंह परस्ते** अध्यक्ष गोंडवाना स्टूडेंट्स यूनियन मझगवां ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस हम सभी आदिवासियों की पहचान और सम्मान का दिन है । अपने कार्यक्रम से हम क्षेत्र के सभी आदिवासियों को उनके हक अधिकारों एवं शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना चाहते है ।

**हीरामन सिंह धुर्वे** ने कहा कि हमारा यह यूनियन हमेशा ही छात्रों एवं समाज के हक एवं अधिकारों की लड़ाई के लिए सदैव तत्पर रहेगा.

**अरविंद सिंह मरावी** ने कहा कि हम अपने कार्यक्रम की जनजागरूकता रैली के माध्यम से प्रत्येक गांव में जागरूकता लाना ही प्रमुख उद्देश्य है

# ग्रामोदय विवि की छात्रा भारती वालाडी ने भर्ती परीक्षा में एससी महिला श्रेणी में किया टॉप

**पीईबी द्वारा आयोजित असिस्टेंट क्वालिटी कंट्रोल ऑफिसर पद की भर्ती परीक्षा में हुई थी शामिल**

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 7 अगस्त। महात्मा गांधी चित्रकुट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा भारती वालाडी ने पीईबी द्वारा आयोजित असिस्टेंट क्वालिटी कंट्रोल ऑफिसर पद की भर्ती परीक्षा एससी महिला श्रेणी में रैंक वन अर्जित कर टॉप किया है।**

कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने पूर्व छात्रा को मिली इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि यहां के विद्यार्थियों के कैरियर सफलता का भविष्य बहुत ही सुखद है। अधिष्ठाता कला संकाय प्रो डी पी राय ने बताया कि पीईबी भोपाल ने असिस्टेंट क्वालिटी कंट्रोलर पद की भर्ती परीक्षा ली थी। कृषि



संकाय की पूर्व छात्रा भारती वालाडी ने पी ई बी द्वारा आयोजित ग्रुप -1 सब ग्रुप -1 × ग्रुप -2 सब ग्रुप -1 कंबाइंड रिक्रूटमेंट टेस्ट - 2024 में मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टीक्स कार्पोरेशन विभाग के अन्तर्गत सहायक गुणवत्ता नियंत्रक (असिस्टेंट क्वालिटी कंट्रोलर ) में एसटी महिला कैटेगरी में पहली रैंक प्राप्त किया। भारती वालाडी ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कृषि संकाय के मृदा विज्ञान विभाग से स्नातकोत्तर उत्तीर्ण वर्ष 2022-23 की छात्रा रही हैं। कृषि संकाय के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र छात्राओं ने विद्यार्थियों को मिल रही सतत सफलता के लिए बधाई दी है।

# जयप्रकाश आईटीआई के सांसद प्रतिनिधि बने



**नागौद 7 अगस्त,** सांसद गणेश सिंह ने शासकीय आईटीआई नागौद के लिए जयप्रकाश सिंह सोनू को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर ईष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। सोनू ने अपनी नियुक्ति पर सांसद गणेश सिंह का आभार जताया है।

## भारत पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष बने गोवर्धन त्रिपाठी

**अमरपाटन,** भारत पेंशनर्स समाज तहशील शाखा अमरपाटन का गत दिवस पेन्सनर्स समाज की उपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र प्रसाद पाण्डेय एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी दिनेश सिंह बघेल भारत पेंशनर्स समाज के जिला अध्यक्ष मैहर की उपस्थिति में गोवर्धन प्रसाद त्रिपाठी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।

# सिंधु विद्यालय में शतरंज की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित


नवभारत न्यूज

**सतना 7 अगस्त, आज दिनांक 7 8.2025 को सतना शहर के हृदय स्थल में स्थित सिंधु हायर सेकंडरी विद्यालय रीवा रोड के सभागार में शतरंज बालक बालिका 1417 19 वर्ष से कम आयु वर्ग की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती अनुराधा पांडे प्राचार्य सिंधु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुख्य अतिथि श्री अजय तेजवानी ,गणेश वाधवानी विशिष्ट अतिथि धीरेंद्र सिंह ब्लॉक कीड़ा अधिकारी श्रीमती किरण चतुर्वेदी कीड़ा अधिकारी वेंकट 1 रही कार्यक्रम में सतना जिले के सोहावल ब्लॉक के शतरंज के 300 से अधिक अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में दिवाकर राम त्रिपाठी उप प्राचार्य जूली श्रीमती जूली हेड मास्टर उपस्थित रहे प्रतियोगिता



संपन्न कराने में विष्णु पांडे क्राइस्ट ज्योति अभय यादव किस्तु कला अनूप पाठक डी पॉल नमन उपाध्याय बोनांजा आलोक दुबे लव डेल राहुल सिंह प्रकाश तिवारी बिट्स रोहित त्रिपाठी डी पी एस संदीप टंडन पीटीआई सिंधु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वसवी खरे वंदना वाधवानी उपस्थिति रही कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका नित्यानंद द्विवेदी ने की यह जानकारी विद्यालय की पी टी आई संदीप टंडन ने दी।



# पीएम श्री विद्यालय नागौद में बांटे गए प्रमाण पत्र

नवभारत न्यूज

**नागौद 7 अगस्त, पी.एम.श्री शासकीय हाई स्कूल नागौद के छात्र कुश वर्मा, शिवांश सिंह परिहार एवं ओम चौधरी ने विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती बृजबाला प्रजापति के नेतृत्व में जिलास्तर में आयोजित मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया।**

विद्यालय के प्राचार्य ए.पी.सिंह द्वारा प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रत्नासिंह, शंकर दयाल, बृजबाला,नीलम गुप्ता,सीमा चौरसिया, शांति सिंह, मनीषा मिश्रा,राकेश सिंह, मुलिया देवी, गायत्री सिंह, माया बागरी,अमिता श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, आशीष कुमार गर्ग, रश्मी सिंह, मिताली सर्राफ, मैथिली मिश्रा,यश श्रीवास्तव, दीपक कुमार एवं छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## शुभम पांडेय का एल एंड टी फाइनेंस में चयन



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय के छात्र शुभम पांडेय का चयन एल एंड टी फाइनेंस में सेल्स आफिसर पद पर हुआ है। शुभम पांडेय ग्रामीण विकास और व्यवसाय प्रबंधन संकाय द्वारा संचालित एम.बी.ए.(ग्रामीण प्रबंधन) के छात्र हैं। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने इनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। प्रबंधन संकाय के अधिष्ठाता प्रो अमरजीत सिंह और विभागाध्यक्ष डॉ देवेंद्र प्रसाद पांडेय ने बताया कि शुभम पांडेय ने एम बी ए (ग्रामीण प्रबंधन) पाठ्यक्रम वर्तमान सत्र में पूर्ण किया है। श्री शुभम के चयन को लेकर खुशी जताई है।

# जाने राखी बांधने का शुभ मुहूर्त

नवभारत न्यूज

**अमदरा 7 अगस्त, मेरे राम पौड़ी धाम के ज्योतिषाचार्य ओम जी महाराज द्वारा सही तारीख और राखी बांधने का शुभ मुहूर्त बताया गया है।**

ओम जी महाराज ने कहा रक्षाबंधन भाई बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक त्योहार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन बहने अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधती हैं सावन महीने की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2.12 पर शुरू होगी और 9 अगस्त को दोपहर 1.24 में समाप्त होगी उदया तिथि के अनुसार 9 अगस्त को रक्षाबंधन मनाया जाएगा साथ ही पूर्णिमा तिथि भी 9 अगस्त को मनाई जाएगी भद्रा काल की बात करें तो यह 8 अगस्त को दोपहर 2.00 बजे से



शुरू होकर 9 अगस्त की अर्धरात्रि 1.52 तक तक रहेगा रक्षाबंधन के दिन भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी इसलिए इस वर्ष राखी बांधने पर भद्रा का कोई असर नहीं पड़ेगा। राखी बांधने का शुभ मुहूर्त उज्जैन देशांतर्गत रक्षाबंधन के दिन राखी बांधने का शुभ समय 9 अगस्त की सुबह 5.45 से दोपहर 1.24 तक रहेगा हालांकि इस बीच राहुकाल भी पड़ेगा जिसमें राखी बांधना वर्जित माना गया है जोकि सुबह 9.07 से 10.45 तक राहुकाल रहने वाला है तो इस बात का विशेष ध्यान रखें।

# पात्र छात्रों को अब मिली साइकल, चेहरे में आई मुस्कान

नवभारत न्यूज

**सतना/उचेहरा 7 अगस्त, शासन द्वारा दूरस्थ क्षेत्र में भी शिक्षा को बढावा देने के तमाम प्रयास किये जा रहे है लेकिन जनपद शिक्षा केन्द्र से लेकर जिले के अधिकारी भी शासन की योजनाओं को समय से क्रियानवयन करने में क्यो देरी लगा देते हैं जिससे बच्चो को इतनी देरी क्यो? छिक्षण सत्र चालू हुए कई माह बीत गए फिर भी बच्चो को उनका वाजिब हक पाने शिक्षा विभाग के दफ्तर के चक्कर लगाना पडा तब कही बच्चों को अपना हक मिल सका।**

यहां एक बड़ा सवाल यह है कि मामला दो वर्ष पुराना है आखिर इतने समय तक क्या विभाग के किसी जिम्मेदारो की नींद नही टूटी । दरअसल पूरा मामला जनपद शिक्षा केंद्र के संकुल केंद्र पहाड़ी के सखौहा खुर्द का है जहां पिछले वर्ष 2023 , 2024 में सामुदायिक बैठक में कुछ पात्र बच्चो को सायकल से



वंचित होने की जानकारी मिली थी जब 181 में शिकायत हुई तब कही जाकर शिक्षा विभाग अपने कुम्भकर्णी नींद से जागा ज्ञात हो कि जनपद शिक्षा केन्द्र में पहले ही सभी पात्र बच्चो की साइकल आ चुकी थीं। सामुदायिक संगठन की सचिव अनीता सिंह की माने तो विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बीते 2 वर्ष पूर्व के पात्र छात्रों के 2 अविभावकों को सायकल मिली और जानकारी अनुसार एक बच्चे की सायकल स्कूल भेजने का निर्णय लिया गया,वही एक बच्ची को रक्षाबंधन के बाद साइकल मिलने की बात कही गई । सायकल मिलने से बच्चे ,अविभावकों के चेहरे पर मुस्कान आ गई ।

### इनका कहना है

खाता अपडेशन की वजह से जिन पात्र बच्चो को साइकिल नही मिली उन्हें आफ लाइन साइकिल प्रदान की जा रही है भविस्य में यदि कोई ऐसा प्रकरण मिलता हैं जो वास्तविक रुप से क्षात्र पात्र हैं तो उन्हें आफ लाइन साइकल प्रदान की जायेगी और की भी जा रही है .

**प्रदीप श्रीवास्तव ,बी आर सी सी**